Class : 9th
Subject : हिंदी
Chapter : 2
Chapter Name : ल्हासा की ओर

Q1 थोड्ला के पहले के आख़िरी गाँव पहुँचने पर भिखमंगे के वेश में होने के बावजूद लेखक को ठहरने के लिए उचित स्थान मिला जबकि दूसरी यात्रा के समय के समय भद्र भी उन्हें उचित स्थान नहीं दिला सका। क्यों?
Answer. जब लेखक भिखमंगे वेश में थोड्ला के पहले के आख़िरी गाँव में पहुँचा था तब उसके साथ सुमति भी थे। सुमति के वहाँ पर बहुत से यजमान थे। उनकी जान पहचान के कारण उन्हें उस समय भिखमंगे होने के बावजूद भी ठहरने के लिए उचित स्थान मिल गया था। दूसरी यात्रा के समय जब लेखक भद्र वेश में था तब भी उसे उचित स्थान नहीं मिला, इसका कारण तिब्बत के लोगों की मनोवृत्ति और समय है। वहाँ के लोग अपनी मनोवृति के अनुसार ही लोगों का सादर सत्कार और आवभगत करते थे। एक ओर जहाँ कभी कभी भिखमंगों को भी अतिथि सत्कार मिल जाता था वहीं दूसरी ओर कभी कभी भद्र लोगों को कोई ठहरने का स्थान नहीं देता था।

Page : 29 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q2 उस समय के तिब्बत में हथियार का क़ानून न रहने के कारण यात्रियों को किस प्रकार का भय बना रहता था?
Answer. उस समय के तिब्बत में हथियार का क़ानून नहीं था, इस कारण वहाँ के डाकू लाठियों के समान बंदूकें लेकर घूमते रहते थे।कहने का अर्थ यह है कि जैसे लोग सामान्य रूप से लाठियां प्रयोग करते हैं, तिब्बत के डाकू उस समय वहाँ पर बंदूकों का इस्तेमाल करते थे। वे किसी भी यात्री को देखते ही पहले उसे मार देते थे और उसके बाद उसकी तलाशी लेते थे।यात्रियों को हर समय जान जाने का ख़तरा बना रहता था। डाकू उन्हें इसलिए भी मार देते थे क्योंकि यदि वे ऐसा नहीं करते तो पलटकर यात्री उन्हें मार देते।

Page : 29 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q3 लेखक लड्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस प्रकार पिछड़ गया?
Answer. लेखक लड्कोर के मार्ग में अपने साथियों से पिछड़ गया क्योंकि उसका घोड़ा अत्यंत धीरे चल रहा था।लेखक का घोड़ा धीमी गति से चल रहा था और उसके साथियों के घोड़े तेज गति से आगे बढ़ रहे थे। हालाँकि लेखक ने अपने घोड़े की गति बढ़ाने के लिए उसे मारा नहीं क्योंकि लेखक को घोड़े को मारना सही नहीं लगता था। दूसरा कारण ये था कि जब लेखक अपने घोड़े को तेज चलने के लिए घुड़की देता था तो घोड़ा और धीमी होकर अड़ जाता था। इस प्रकार लेखक धीमी गति होने के कारण अपने अन्य साथियों से पिछड़ गया।

Page : 29 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

edugross.com

Q4 लेखक ने शेकर विहार में सुमति को उनके यजमानों के पास जाने से रोका, परंतु दूसरी बार रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया?
Answer. लेखक ने शेकर विहार में सुमति को उनके यजमानों के पास जाने से इसलिए रोका क्योंकि लेखक को लगा कि यदि वे अपने यजमानों के पास गए तो कुछ दिन पश्चात ही वापस लौटेंगे। दूसरी बार जब सुमति ने लेखक से अपने यजमानों के पास जाने के लिए पूछा तो लेखक ने सुमति को नहीं रोका। इसका कारण ये था कि दूसरी बार लेखक पुस्तकों में रम गया था। इस कारण वह इस बात पर ज़्यादा ध्यान नहीं दे पाया।

Page : 29 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q5 अपनी यात्रा के दौरान लेखक को किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा?
Answer. अपनी यात्रा के दौरान लेखक को अनेक कठिनाइयों से होकर गुज़रना पड़ा। भद्र और सम्पन्न होने के बावजूद भी लेखक को एक भिखमंगे के वेश में तिब्बत यात्रा करनी पड़ी। इसका कारण यह था कि उस समय भारतीयों को तिब्बत यात्रा के लिए अनुमति नहीं दी जाती थी। भिखमंगे के भेष में होने के कारण लेखक को ठहरने के लिए उचित स्थान नहीं मिला।लेखक को निर्जन स्थान की यात्रा करनी पड़ी जहाँ पर डाकुओं का बसेरा हुआ करता था। लेखक की सबसे बड़ी समस्या यह थी कि निर्जन स्थान पर उसके प्राणों को ख़तरा था। जब लेखक अपने साथियों के साथ जा रहा था तो उसका घोड़ा धीमी गति से चलने लगा था जिस कारण वह अपने साथियों से बिछड़ गया था। उसे अपनी यात्रा का कुछ समय अकेले करना पड़ा।

Page : 29 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q6 प्रस्तुत यात्रा वृत्तान्त के आधार पर बताइए कि उस समय का तिब्बती समाज कैसा था?
Answer. उस समय तिब्बती समाज काफ़ी भिन्न प्रकार का हुआ करता था। एक ओर जहाँ तिब्बत के लोग अनेक समस्याओं का सामना करते रहते थे तो दूसरी ओर तिब्बती समाज अनेक परेशानियों से बिलकुल मुक्त था। उस समय का तिब्बती समाज छुआछूत और जातपात जैसी समस्याओं से बिलकुल दूर था। यहाँ तक कि वहाँ की औरतें पर्दा भी नहीं करती थी। यदि कोई अपरिचित राहगीर घर के भीतर जाकर वहाँ की औरतों को चाय बनाने का सामान देकर चाय बनाने को कहता तो घर की बहू या सास उससे सामान लेकर चाय बना देती थीं। एक प्रकार से यह ये भी दर्शाता है कि उस समय की औरतें दक़ियानूसी विचारधाराओं से अछूती थीं। दूसरी चीज़ यह भी कि उस समय तक लोगों में आज के मुक़ाबले काफ़ी ईमानदारी भी व्याप्त थी।

Page : 29 , Block Name : प्रश्न अभ्यास

Q7 ‘मैं अब पुस्तकों के भीतर था’ नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन सा इस वाक्य का अर्थ बतलाता है-
(क) लेखक पुस्तकें पढ़ने में रम गया।✔
(ख) लेखक पुस्तकों की शेल्फ़ के भीतर चला गया।✖
(ग) लेखक के चारों ओर पुस्तकें ही थीं।✖
(घ) पुस्तक में लेखक का परिचय और चित्र छपा था।✖

edugross.com

Answer. लेखक पुस्तकें पढ़ने में रम गया।

Page : 29 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q8 सुमति के यजमान और अन्य परिचित लोग लगभग हर गाँव में मिले। इस आधार पर आप सुमति के व्यक्तित्व की किन विशेषताओं का चित्रण कर सकते हैं?
Answer. सुमति के यजमान और अन्य परिचित लोग लगभग हर गाँव में मिले। इससे यह साबित होता है कि सुमति वास्तव में एक मिलनसार और ईमानदार व्यक्तित्व वाले इन्सान थे। लोगों में उनका सकारात्मक प्रभाव था और लोग उनकी इज़्ज़त करते थे।

Page : 30 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q9 'हालाँकि उस वक़्त मेरा भेष ऐसा नहीं था कि उन्हें कुछ भी ख़याल करना चाहिए था।'- उक्त कथन के अनुसार हमारे आचार व्यवहार के तरीक़े वेशभूषा के आधार पर तय होते हैं। आपकी समझ में यह उचित है अथवा अनुचित, विचार व्यक्त करें।
Answer. 'हालाँकि उस वक़्त मेरा भेष ऐसा नहीं था कि उन्हें कुछ भी ख़याल करना चाहिए था।' इस कथन के अनुसार हमारे आचार व्यवहार के तरीक़े वेशभूषा के आधार पर तय होते हैं और यह बात सत्य भी है। हम जिस प्रकार की वेशभूषा ग्रहण करते हैं लोग हम से उसी वेशभूषा के अनुसार व्यवहार करते हैं। अतः हमें अपनी वेशभूषा का ध्यान रखना चाहिए लेकिन इसके साथ साथ हमें अपने चरित्र का भी ध्यान रखना चाहिए। यदि हमारी सिर्फ़ वेशभूषा अच्छी है और हम कुटिल स्वभाव के हैं तो भी लोग हम से दूर ही रहना ही पसंद करेंगे।वेशभूषा एक बार हमारा प्रभाव उन पर अच्छा डालेगी किंतु दूसरी बार जब वे हमारी कुटिल नीतियों को जानेंगे तो वे हम से बात न करने में ही भलाई समझेंगे।इस प्रकार वेशभूषा के साथ साथ हमारा अपना स्वभाव भी अच्छा होना काफ़ी ज़रूरी है।

Page : 30 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q10 यात्रा-वृतांत के आधार पर तिब्बत की भौगोलिक स्थिति का शब्द-चित्र प्रस्तुत करें। वहाँ की स्थिति आपके राज्य/शहर से किस प्रकार भिन्न है?
Answer. तिब्बत की सीमा हिमालय से शुरू होती है जिस कारण तिब्बत एक ठंडा और बर्फ़ीला स्थान है। समुद्र तल से डॉड़े 17-18 किलोमीटर ऊपर है अर्थात ये काफ़ी ऊँचाई पर स्थित है। पूर्व से लेकर पश्चिम तक हिमालय की बर्फ़ से ढकी हुई सफ़ेद चोटियाँ दिखाई देती हैं। जिस स्थान पर हम रहते हैं वहाँ से तिब्बत की भौगोलिक स्थिति अत्यंत भिन्न है। तिब्बत बर्फ़ीला स्थान है जहाँ से हिमालय की सफ़ेद चोटियाँ साफ़ देखी जा सकती हैं जबकि यहाँ का वातावरण काफ़ी गर्म है और यहाँ सर्दियों के मौसम में भी बर्फ़ नहीं पड़ती।गर्मियों के मौसम में सूरज की तपन अत्यधिक तीव्र  होतीहै।सर्दियों का मौसम कबकपा देने वाला होता है।बारिश के मौसम में बारिश होती ही है और सूखा भी पड़ जाता है।कुल मिलाकर यहाँ की भौगोलिक स्थिति तिब्बत की भौगोलिक स्थिति से बिलकुल अलग है।

Page : 30 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

edugross.com

EDUGROSS
WISDOMISING KNOWLEDGE
www.edugross.com

Q11 आपने भी किसी स्थान की यात्रा अवश्य की होगी? यात्रा के दौरान हुए अनुभवों को लेकर प्रस्तुत करें।
Answer. मैंने बहुत से स्थानों की यात्रा की है किंतु उनमें से सबसे ज्यादा यादगार यात्रा आगरा की है। हम अपने परिवार के साथ आगरा गए थे। यह यात्रा खास करके ताजमहल को देखने के लिए की गई थी। हम अपनी निजी कार के द्वारा यात्रा करके आगरा पहुंचे थे। हमने वहां न सिर्फ ताजमहल देखा बल्कि हमने अन्य जगहों का भी भ्रमण किया। वास्तव में आगरा का ताजमहल सुंदरता का प्रतीक है। ऐसा सौंदर्य पूरे विश्व में कहीं नहीं है।

Page : 30 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q12 यात्रा-वितान गद्य साहित्य की एक विधा है।आप की इस पाठ्यपुस्तक में कौन कौन सी विधाएँ हैं। प्रस्तुत विधा उनसे किन मायनों में अलग है?
Answer. हमारी पाठ्यपुस्तक में जाबिर हुसैन के द्वारा लिखी हुई 'साँवले सपनों की याद' एक गद्य विधा है।ये एक संस्मरण है जो सालिम अली की मृत्यु के तुरंत बाद डायरी शैली में लिखा गया है। इस लेख में लेखक ने सालिम अली की मृत्यु के बाद के दुख और अवसाद को अपने शब्दों में बयां किया है। ये प्रस्तुत विधा से बिलकुल अलग है क्योंकि प्रस्तुत विधा में लेखक ने यात्रा और उससे संबंधित चीज़ों का वर्णन किया है जबकि 'साँवले सपनों की याद' लेख में लेखक ने मृत्यु संस्मरण का वर्णन किया है।

Page : 30 , Block Name : रचना और अभिव्यक्ति

Q13 किसी भी बात को अनेक प्रकार से कहा जा सकता है, जैसे-
सुबह होने से पहले हम गाँव में थे।
पौ फटने वाली थी कि हम गाँव में थे।
तारों की छांव रहते-रहते हम गाँव पहुँच गए।
नीचे दे दिए गए वाक्य को अलग-अलग तरीक़े से लिखिए-
'जान नहीं पड़ता था कि थोड़ा आगे जा रहा है या पीछे।'
Answer.
- घोड़ा आगे की ओर बढ़ रहा था या पीछे की तरफ़, इस बात को कह पाना मुश्किल था।
- यह जानना कठिन पड़ रहा था कि घोड़ा आगे की दिशा में जा रहा है या पीछे की तरफ़।

Page : 30 , Block Name : भाषा-अध्ययन

Q14 ऐसे शब्द जो किसी 'अंचल' यानी क्षेत्र विशेष में प्रयुक्त होते हैं उन्हें आंचलिक शब्द कहा जाता है। प्रस्तुत पाठ में से आंचलिक शब्द ढूंढ कर लिखिए।
Answer. राहदारी, कुची- कुची, भीटा, थुक्पा

Page : 30 , Block Name : भाषा-अध्ययन

Q15 पाठ में काग़ज़, अक्षर, मैदान के आगे क्रमशः मोटे, अच्छे और विशाल शब्दों का प्रयोग हुआ है।इन शब्दों से उनकी विशेषता उभरकर आती है।पाठ में से कुछ ऐसे ही ओर शब्द छांटिए जो किसी की विशेषता बता रहे हों।

Answer. धीमे चलना, कंधा बरफ होना, बहुत पिछड़ना

Page : 30 , Block Name : भाषा-अध्ययन

edugross.com